राजस्थान-पत्रिका दि. 3-11-12

बीएसएनएल कर्मियों ने किया प्रदर्शन

अजमेर. ज्वॉइंट एक्शन फोरम बीएसएनएल यूनियन्स तथा एसोसिएशन के राष्ट्रीय आह्वान पर बीएसएनएल अजमेर सर्किल के अधिकारी व कर्मचारी पांचवें दिन भी आगरागेट स्थित टेलीफोन एक्सचेंज गेट पर क्रमिक भूख हड़ताल पर रहे। इस दौरान उन्होंने प्रदर्शन भी किया। कर्मचारियों ने आईटीएस अधिकारियों का डेप्युटेशन निरस्त कर सभी को मूल विभाग में भेजने अथवा सभी समायोजित कर्मचारियों व अधिकारियों को वाप्स सरकारी सेवाओं में लेकर दोहरी एवं पक्षपातपूर्ण नीति को समाप्त करने की मांग को लेकर प्रदर्शन भी किया। शुक्रवार को नाथू सिंह, अविनाश, अब्दुल वहीद, सत्यनारायण अग्रवाल, किशन स्वरूप सेन, सुगन चन्द, नरेन्द्र कुमार, कन्हैया लाल,अशोक शर्मा, के.एम. करडिया, काळू राम गौरा ने अनशन किया।

दैनिक नवज्योति दि. 3-11-12 (शनिवार)

बीएसएनएल अधिकारियों-कर्मचारियों का क्रमिक अनशन जारी

अजमेर, 2 नवम्बर (कासं.)। इंडियन टेलीकॉम सर्विस के अधिकारियों को वापस मूल विभाग में भेजने की मांग को लेकर भारत संचार निगम के अधिकारी व कर्मचारियों का क्रमिक अनशन शुक्रवार को पांचवें दिन भी जारी रहा। भारत संचार निगम एग्ज्यूकिटिव एसोसिएशन के सचिव जी.एस. छाबड़ा के मुताबिक पांचवें दिन कालूराम गोरा, सुगनचन्द काला, सत्यनारायण अग्रवाल, नरेन्द्र कुमार, अशोक कुमार, कानमल, नाथूसिंह, अविनाश शर्मा, अब्दुल वाहिद, किशन स्वरूप सैन व कन्हैयालाल क्रमिक अनशन पर बैठे। बी.एस.एन.एल. कर्मचारी एवं अधिकारी संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक वी.पी. शर्मा के मुताबिक निगम में करीब डेढ़ हजार से अधिक आई.टी.एस. अधिकारी प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त हैं और लम्बा समय गुजर जाने के बावजूद वह निगम में अब तक समाहित नहीं हुए हैं। जिसकी वजह से निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों की पदोन्नतियां रुकी हुई हैं।

पंजाब-केसरी- दि. 3-11-12

बीएसएनएल का क्रमिक अनशन आज होगा समाप्त

अजमेर, (रोहिताश गुर्जर): भारत संचार निगम लि. के कर्मचारी एवं अधिकारी संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले आईटीएस अधिकारियों के विरोध में किया जा रहा क्रमिक अनशन शनिवार को समाप्त होगा। संघर्ष समिति के संयोजक वीपी शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को नाथूसिंह, अविनाश, अब्दुल, सत्यनरायण अग्रवाल, किशनस्वरूप सेन, सुगनचंद, नरेन्द्र कुमार, कन्हैयालाल, अशोक शर्मा, के.एम. कुरडिया एवं कालू राम गोरा अनशन पर बैठे।